NICT संपर्क
साप्ताहिक समाचार पत्र

# सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्ता हमारा





## एनआईसीटी परिवार की ओर से सभी को 'गणतंत्र दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ

एनआईसीटी मुख्य कार्यालय के प्रांगण में 'राष्ट्रीय ध्वज़' को फहराते हुए श्रीमती सोनिया हज़ेला, श्रीमती माया चौधरी, श्री मुकेश हज़ेला, श्री जितेन्द्र चौधरी, श्री संजय मिश्रा, श्री मधुसूधन जौहरी, श्री मकरंद भागवत व श्री सेवा राम लवन्शी। साथ ही इंदौर एनआईसीटी स्टॉफ की उपस्थिति रही।

संपादक – संजय सोनी

नेटवर्क फॉर इंफॉर्मेशन एण्ड कम्प्यूटर टेक्नालॉजी

(एनआईसीटी)

# ‘एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर’ प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर खोले जायेगें!!

दोस्तो, हमने अपने पिछले अंक में ‘एनईसी’ से संबंधित जानकारी रखी थी, उसी तरह इस सप्ताह का यह अंक ‘संपर्क’ भी उसी श्रृंखला को आगे की ओर ले जा रहा है।

एनआईसीटी द्वारा ‘एनईसी’ को देश के ३००० ब्लॉक में ले जाने का लक्ष्य है, जिसके लिए अभी तक देशभर से लगभग २०० से ज्यादा ‘एनईसी’ संचालको को प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें मध्यप्रदेश के ५० से ज्यादा ‘एनईसी’ संचालक शामिल है।

‘एनईसी’ प्रोजेक्ट में मुख्य रूप स्किल डवलपमेन्ट, सरकारी परीक्षा, वोडाफोन एम पैसा व बैंकिंग आदि सेवाऐं शामिल हैं, जो लोगों को हर तरह से सुविधा और सुरक्षा प्रदान करेंगी। एनईसी न केवल ‘वित्तीय समायोजन’ के लिए कार्यरत है, वल्कि मानव विकास की ओर बढने का केन्द्र भी है। इस केन्द्र की सहायता से क्षेत्रीय लोगों को सरकारी योजनाओं के लाभ व डिजिटल मॉडल के तहत आधुनिक सहायता भी मुहैया करायी जाएगी।

‘एनईसी’ संचालक इस प्रोजेक्ट की सहायता से हर सूरत में मुनाफा प्राप्त करेगा, जो कि उसे क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित बनाता है। साथ ही एनआईसीटी टीम की सहायक भूमिका हर प्रकार की जानकारी व तकनीकि सहायता देगा, जो कार्य करने में सरलता दिलायेगा। एनआईसीटी टीम आज देश के २८ राज्यों में बैंकिंग व अन्य प्रोजेक्ट को लेकर लाखों लोगों से जुड़ी है, जिसने लोगों को जागरूक तो किया ही है, साथ ही नये रोजगार के अवसर प्रदान कर जीने की सही राह भी दिखाई है। एनआईसीटी शुरू से ही अपने हर एक प्रोजेक्ट में **‘महिला सशक्तिकरण’** को बढ़ावा देता आया है। जिसका सबसे बडा उदाहरण बैंक सखियों का बैंकिंग के क्षेत्र में जुड़कर कार्य करना है और जिसे एनआईसीटी कियोस्क क माध्यम से मध्यप्रदेश में बैंक सखी सहायता के तौर पर किया जा रहा है।

इसी प्रकार **‘एनईसी’ प्रोजेक्ट में एनआईसीटी ने ३० प्रतिशत महिलाओं को संचालिका बनाने की बात की है। जो एनआईसीटी टीम की पहली प्राथमिकता मानी जायेगी।**

‘एनईसी’ के तहत न केवल ‘महिला सशक्तिकरण’ को बढ़ावा दिया जाना है, वल्कि देश के २८ राज्यों के प्रत्येक ब्लॉक में इसकी शुरूआत कर रोजगार के अवसर को लाना भी है। टीम की पूरी कोशिश होना चाहिए, कि उस व्यक्ति को अवसर प्रदान किया जाए, जो न केवल लाभ की प्राप्ति चाहता हो, वल्कि अपनी सामाजिक मानसिकता के साथ सभी को साथ लेकर चलने की सोच को भी मजबूत बनाए। तभी जाकर इस प्रोजेक्ट को सफल व इसके दूरगामी लक्ष्य को आसान बनाया जा सकता है। एनईसी प्रोजेक्ट इसी मानसिकता के साथ लॉन्च किया गया है, जो सभी को साथ लेकर चले व सभी के विकास के लिए काम करे।

हमें पूरी आशा है, कि टीम बहुत जल्द इसी मानसिकता के साथ अपने लक्ष्य को पूरा करेगी।

–

**– संजय सोनी – एनआईसीटी**

NEC help • earn • grow

NICT संपर्क

# मध्यप्रदेश

## जिला राजगढ़ कलेक्टर द्वारा एनआईसीटी कियोस्क का निरीक्षण।





एनआईसीटी- १३ जनवरी २०१६ को जिला राजगढ़ में 'एनआईसीटी' व 'नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक' द्वारा प्रदत्त बैंक सखी सेंटर का निरीक्षण श्री तरूण कुमार जी (कलेक्टर- राजगढ़) द्वारा किया गया। जिनके साथ माननीय जिलाधीश महोदय ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दी।

उन्होनें कियोस्क पर किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली व एन.आर.एल.एम. एवं अन्य एस.एच. जी. संगठनों को नियमाबलि का अनुसरण करने की सीख दी। कलेक्टर व न्यायाधीश द्वारा बैंक सखी के लोन व अन्य आवश्यक सहायता के निवेदन के उपरान्त उन्होंने तीन बैंक सखियों को लेपटॉप व अन्य आवश्यक सामग्री तत्काल प्रभाव से वितरित की। साथ ही लोन आदि के लिए आवश्यक कदमों को उठाया।

# मध्यप्रदेश

## एनआईसीटी इंदौर कार्यालय में 'एनईसी' प्रशिक्षण कार्यशाला।





दिनांक २३ जनवरी २०१६ को एक बार फिर एनआईसीटी के इंदौर मुख्य कार्यालय में प्रदेश से आए 'एनईसी' संचालकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन **श्री अनिल उपाध्याय (नेशनल हेड- सर्विस शॉपी)** व **श्री दीपेश दुबे (मैनेजर बैंकिंग- एनआईसीटी)** द्वारा किया गया।

कार्यशाला में एनईसी संचालकों को केन्द्र में दी जाने वाली समस्त सेवाओं के बारे में बताया व तकनीकि जानकारी से अवगत कराया, ताकि भविष्य में किसी प्रकार के रूकावटों से बचा जा सके। साथ ही बताया कि इन केन्द्रों की सहायता से स्किल डवलेपमेन्ट के क्षेत्र में अच्छा कार्य किस तरह से किया जा सकता है। जो लोगों को जागरूक तो करे ही साथ ही विकास की ओर ले जाए।

# उड़ीसा

"एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर" हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन।





एनआईसीटी- १० दिसम्बर २०१५ को जिला भुवनेश्वर, उड़ीसा में चयनित एनईसी के लिए प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में **'एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर'** से संबंधित बातों के बारे में बताया गया व साथ ही क्षेत्रीय स्तर पर किस तरह से व्यवसाय को मजबूत बनाया जाए आदि चर्चा की गई।

# हरियाणा

समस्त बीसीओं के लिए तकनीकि जानकारी हेतु कार्यशाला।









एनआईसीटी -१८ जनवरी २०१६ को **'स्टेट बैंक ऑफ पटियाला'** के तकनीकी विभाग द्वारा हरियाणा में समस्त बीसीओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें रूपये कार्ड ट्रांसजेक्शन प्रशिक्षण व इन्श्टालेशन से संबंधित जानकारी दी गई।

# बिहार

## एनआईसीटी पटना कार्यालय के सफलतम दो वर्ष।



*इस फोटो में मुख्य रूप से श्री रविशंकर मिश्रा (एएसपीएम-बिहार) नीतु कुमारी, एकता गुप्ता, माही जयसवाल, अभिषेक, अतुल व आनन्द है।*

आइये जानते है, एनआईसीटी पटना कार्यालय के सफलतम दो वर्ष पूरे होने पर कुछ ख़ास उपलब्धियों के बारे में।

हम सभी जानते है, कि बिहार के एसपीएम श्री रंजीत कुमार है, उन्होनें अपने कौशल और टीम की कड़ी मेहनत के बलवूते एनआईसीटी को समूचे बिहार में उस मुकाम पर पहुचाया है, जो आज लाखों लोगों के लिए कई प्रकार के सरकारी योजनाओं के लाभ का कारण बना है, साथ ही दूर-दराज इलाकों के लोगों को जागरूक किया है।

श्री रंजीत कुमार ने बिहार कार्यालय द्वारा किये गए कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारें में बताया जो इस प्रकार है-

१- पटना कार्यालय में एसबीआई - डीजीएम का दौरा व उनकी सराहना।

२- ५०० से ज्यादा कियोस्क केन्द्र खोलने की उपलब्धि।

३- 'बैंक ऑफ बड़ौदा' महाप्रबंधक भुईयाँ जी का कार्यालय आगमन व उनके द्वारा एनआईसीटी की सराहना।

४- पाकुर, साहिबगंज आदि सुदूर इलाकों में ५० से ज्यादा कियोस्क की शुरूआत की, इन इलाकों में एनआईसीटी के अलावा कोई अन्य कियोस्क अभी तक नहीं है, सिर्फ एनआईसीटी टीम के साहस और कडी मेहनत से यह सम्भव हो पाया है।

५- बिहार के कई दूर-दराज क्षेत्रों में कार्यशालाऐं आयोजित की गई, जिससे लोगों को जागरूक किया गया व सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाए गये।

६- पेन इंड़िया स्तर पर सबसे ज्यादा सेल व उत्कृष्ट्र कार्य का कार्तिमान भी बिहार कार्यालय के पास ही है।

७- आर - सेप्ट की सहायता व साथ से १०० से ज्यादा कियोस्क खोले गये व जिसके लिए एनआईसीटी को सम्मानित किया गया।

श्री रंजीत कुमार ने बताया, कि शुरूआती दौर में लक्ष्य हासिल करने के लिए टीम को कडी मेहनत से गुजरना पड़ा था, जिसके कारण आज एनआईसीटी का नाम बिहार के हर एक व्यक्ति के ज़हन में है। एनआईसीटी राज्य के हजारो युवाओं को रोजगार दिला पाने में भी सफल हुआ है।

# गुजरात

‘एसबीआई’ डीजीएम श्री गुलाटी से एसपीएम श्री कृणाल की मुलाकात।




दिनांक २१ जनवरी २०१६ को एनआईसीटी **गुजरात एसपीएम श्री कृणाल शाह** ने **श्री गुलाटी जी (डीजीएम- एसबीआई)** से मुलाकात की व गुजरात टीम द्वारा हो रहे कार्यो की जानकारी दी। साथ ही निकट भविष्य में गुजरात टीम द्वारा बैंकिंग के क्षेत्र में किस प्लानिंग के तहत कार्य किया जाएगा आदि बातों को साझा किया।

श्री कृणाल साह ने नववर्ष की प्रथम मुलाकात पर सम्मान स्वरूप भेंट दिया।

# आन्ध्रप्रदेश/तेलंगाना

‘बैंक ऑफ बड़ौदा’ द्वारा लोन, रिकबरी हेतु समस्त सीएसपीओं के लिए कार्यशाला का आयोजन।







२२ जनवरी २०१६ को हैदराबाद, तेलंगाना में ‘बैंक ऑफ बड़ौदा’ के रीज़नल कार्यालय में समस्त बीओबी सीएसपीओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्याशाला का मुख्य उद्देश्य लोन, एनपीए रिकवरी आदि के लिए प्रशिक्षण देना रहा।

कार्यशाला में मुख्यरूप से श्री एन.एस.पी. रेड्डी (सीनियर मैनेजर, वित्तीय समावेशन- बीओबी) श्रीमती मंजुशा (अधिकारी -बीओबी) व एनआईसीटी की ओर से बी. कृष्णा (बीडीएम- नाल्गोण्डा) श्री डी. राजू (बीडीएम- हैदराबाद) आदि ने अपनी उपस्थिति दी।

# आपके सुझाव व शिकायतें महत्वपूर्ण है

आप सभी को **''संपर्क''** के माध्यम से पूरे देश में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी मिल रही होगी। क्योंकि यही एक माध्यम है, जो आम जन तक हमारे प्रयासों को पहुँचाने का जरिया बना है और अब हम चाहते है, कि आप सभी व जो भी एनआईसीटी से जुड़ा हुआ है, वह अपने सुझाव हमारे द्वारा दिये गये ई–मेल पर पहुँचाऐं। हम यह भी चाहते है, कि इस न्यूज़लेटर में जो भी आवश्यक विषयों को आप चाहते है या फिर हमारे द्वारा कोई श्रुटि हो रही हो, उसे भी आप इस माध्यम से व्यक्त कर सकते है।

इस प्रयास से हमारा सीधा विश्वास है, कि हम उन लोगों तक पहुँच सकते है, जो 'संपर्क' के माध्यम से एनआईसीटी के प्रयासों को भलिभांति समझ पा रहे है व अपने सुझावों के द्वारा हमारे प्रयासों को और प्रभावी बनाने में समर्थ है।

**किसी तहसील या नगर में अगर कोई व्यक्ति ''सिने इंडिया'' प्रोजेक्ट की शुरूआत करना चाहता है, तो वे हमारे इस माध्यम से भी संपर्क कर सकता है।**

न्यूज़लेटर ''संपर्क'' के संबंध में अपने सुझावों व शिकायतों के लिये हमें ई–मेल कर सकते है।
communication@nict.ind.in
07771005418 - Sanjay Soni

नोट –
आप सभी के द्वारा इस न्यूज़लेटर के संबंध में जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही हैं, वह हमारे मनोबल को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करती है। जिसके लिये आप सभी का धन्यवाद। कुछ लोगों द्वारा हमसें कुछ जानकारियाँ भी मांगी गयी थी, जो न्यूज़लेटर के विषय से संबंधित नहीं है, कृपया वे लोग हमारी वेबसाइड में दिये गये संबंधित नंबरो पर ही संपर्क करें।

अभी तक हमें जो भी शिकायते प्राप्त हुई है, उसे हमने संबंधित विभाग तक पहुँचा दिया है। जिसका समाधान बहुत जल्द किया जायेगा।

हमें पूर्ण विश्वास है, कि आगे भी आप सभी की प्रतिक्रियाएँ प्राप्त होती रहेगी।

NICT HOUSE
EB- 108,109, Scheme No 94,
Opposite Bombay Hospital,
Ring road Indore (M.P.) Pin-452010

communication@nict.ind.in
www.nictgroup.in